भर्ती हेतु सूचना

वरिष्ठ परामर्शदाता – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- सलाहकार–स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के नेतृत्व में प्रौद्योगिकी प्रभाग का कार्य संपन्न करना तथा कार्य योजना तैयार करना एवं उसका कार्यान्वयन करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया एवं पद्धतियों के अनुसार स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नवाचारों की पहचान, मूल्यांकन एवं आरंभ करने में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों के अनुरोध पर स्वास्थ्य उत्पादों के बाजार अनुसंधान सर्वेक्षण में सहयोग करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नवाचार पोर्टल में यथाचिह्नित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नवाचारों की पहचान, मूल्यांकन एवं आरंभ करने में सहयोग करना।
- निःशुल्क निदान और जिला डायलिसिस कार्यक्रम जैसे प्रौद्योगिकी गहन कार्यक्रम तैयार करना और उनके कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करना।
- प्रौद्योगिकी व्यापार नीति, प्रशुल्क ढांचों और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अन्य संबंधित मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- सलाहकार–स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।
- एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों, आरआरसी–एनई तथा अन्य हितधारकों के साथ गहन संपर्क में कार्य करना।
- सलाहकार–स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के दौरे या छुट्टी पर रहने के दौरान प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य करना।

योग्यताः

- स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, उद्योग, विनिर्माण, अस्पताल प्रशासन अथवा इनके मिले–जुले क्षेत्र में योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों के कार्य अनुभव सहित जैव चिकत्सा इंजीनियरिंग में बी.ई / बी.टेक।
- उच्च कोटि के चिकित्सा उपकरणों के तकनीकी विनिर्देशों, खरीद और अनुरक्षण का अनुभव अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी नवाचारों में नीतिगत / कार्यान्वयन स्तर पर एनएचएम कार्यक्रमों में कार्य करने / किसी अन्य चिकित्सा उपकरणों की खरीद / विनिर्देश आदि की क्षमता एवं अनुभव को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अद्यतन गतिविधियों की जानकारी सहित फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को कार्यात्मक बनाने; स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण पर कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताओं सहित बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- राष्ट्रीय / राज्य स्तर पर सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 50 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, राज्यों एवं जिलों की अत्यधिक यात्रा सहित।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,50,000/– रु. के बीच
**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा के भीतर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को .**10th December 2020**.तक recruitment.hct.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।